जातीय समानता को बढ़ावा देने के
मौजूदा और योजनाबद्ध उपाय

हांगकांग ऑब्जर्वेटरी(वेधशाला)

हांगकांग ऑब्जर्वेटरी (HKO) का लक्ष्य आम जनता की जरूरतों को पूरा करने के साथ-साथ शिपिंग और विमानन क्षेत्रों सहित अन्य विशेष उपयोगकर्ताओं को उच्च गुणवत्ता वाली मौसम विज्ञान संबंधी सेवाएं प्रदान करना है। HKO जनता के सभी सदस्यों द्वारा हमारी सेवाओं तक समान पहुंच सुनिश्चित करने को बहुत महत्व देता है, चाहे उनकी जातीय पृष्ठभूमि कुछ भी हो।

संबंधित सेवाएं	● HKO निम्न के लिए जिम्मेदार है (a) मौसम का पूर्वानुमान प्रदान करना और जोखिम वाले मौसम पर चेतावनी जारी करना ; (b) हांगकांग में पर्यावरण विकिरण के स्तर के बारे में जानकारी प्रदान करना ; और (c) हांगकांग समय मानक को बनाए रखना और भूभौतिकीय, समुद्र विज्ञान, खगोलीय और जलवायु संबंधी जानकारी प्रदान करना।
मौजूदा उपाय	● HKO की मौसम संबंधी चेतावनी और सेवाओं के बारे में जानकारी हांगकांग की दो आधिकारिक भाषाओं (यानी कि चीनी और अंग्रेजी) में HKO की वेबसाइट पर उपलब्ध है। विभिन्न भाषाओं[1] में मौसम की बुनियादी जानकारी प्रदान करने के लिए व्यक्तिगत मौसम वेबसाइट भी शुरू की गई है। ● आम जनता में वितरण के लिए सूचनात्मक और शैक्षिक पत्रक/ पुस्तिकाएं भी दोनों आधिकारिक भाषाओं में प्रकाशित की जाती हैं। इसके इलावा, HKO ने मौसम की चेतावनियों के बारे में पाँच पत्रकों ("*आँधीवर्षा की चेतावनी प्रणाली*", "*ठंडाऔर बहुत गर्म मौसम*", "*हांगकांग के उष्णकटिबंधीय चक्रवात चेतावनी संकेत*", "*जोरदार मौनसून संकेत*" और "आंधी तूफान (थंडरस्टॉर्मस) की उत्पत्ति की प्रक्रिया और खतरे") का अनुवाद विभिन्न भाषाओं[1] में किया है जो कि HKO की वेबसाइट[2] पर अपलोड किए गए हैं। (https://www.hko.gov.hk/en/publica/pubgen.htm). ● सार्वजनिक शिक्षा के लिए चीनी में तैयार किए गए ऑनलाइन वीडियो पाठ्यक्रम, आंशिक रूप से अंग्रेजी[3] में उपलब्ध हैं।

---

[1] भाषाओं में हिंदी, नेपाली, उर्दू, थाई, बहासा इंडोनेशिया, तागालोग, पंजाबी और वियतनामी शामिल हैं।

[2] प्रकाशन संख्या 20,25,33,35,44

[3] "मौसम अवलोकन पर ऑनलाइन वीडियो पाठ्यक्रम" श्रृंखला के सभी 13 प्रकरण शामिल हैं।

	●	HKO मुख्यालय और संसाधन केंद्र का काउंटर विविध जाति के लोगों के लिए भाषा पहचान पत्र प्रदान करता है ताकि यदि आवश्यक हो तो भाषा से सम्बंधित सहयोग के लिए सहायता प्राप्त की जा सके।
भविष्य के काम का आकलन	●	HKO समय-समय पर, विविध जातीयों के लोगों की जरूरतों को पूरा करने के लिए हमारी सेवाओं की समीक्षा करेगा।
लिए गए / लिए जाने वाले अतिरिक्त उपाय	●	HKO विभिन्न जातीय भाषाओं में और अधिक मौसम चेतावनी पत्रक / पुस्तिकाएं प्रदान करेगा।
	●	HKO आवश्यकतानुसार विविध जातीयों के लोगों के लिए शैक्षिक गतिविधियों का आयोजन करेगा, जैसे कि HKO का दौरा।
	●	सार्वजनिक शिक्षा के लिए अधिक द्विभाषी ऑनलाइन वीडियो HKO पाठ्यक्रम प्रदान करेगा।

पूछताछ के लिए, कृपया निम्नलिखित के माध्यम से श्री मान एलन वोंग(Alan WONG), सहायक विभागीय सचिव (जनरल) 2 से संपर्क करें:-

टेलीफोन	:	2926 8039
फैक्स	:	2311 9448
ईमेल	:	mailbox@hko.gov.hk
डाक	:	Hong Kong Observatory 134A Nathan Road Kowloon Hong Kong

द हांगकांग ऑब्जर्वेटरी
मई 2023